INDIAN INDUSTRIES ASSOCIATION
AN APEX BODY OF MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES
(IN THE SERVICE OF MSME SINCE 1985)

सन्दर्भ सं- 3/SSI/0137 20.04.2020

सेवा में,
श्री नवनीत सहगल, आई.ए.एस
प्रमुख सचिव
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम व निर्यात प्रोत्साहन विभाग
उत्तर प्रदेश शासन
लखनऊ

विषय: उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश की इकाईयों को दी गई पाठ्य पुस्तको के मुद्रण एवं आपूर्ति हेतु इकाईयों को लॉक डाउन के समय कार्य करने का आदेश जारी करने के सम्बन्ध में।

महोदय,
आज देश एवं दुनिया जिस भयंकर त्रासदी को झेल रहे हैं और जिस प्रकार प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार इस त्रासदी पर विजय पाने के लिए प्रयास कर रहे हैं, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) सरकार के प्रयासों को सफल बनाने में भरसक प्रयत्न कर रहा है। देश एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था तथा रोजगार सृजन में उद्योगों का योगदान आप भली भांति जानते है। आज अप्रत्याशित आपदा के समय में भी अनेक उद्योग आवश्यक सेवाओं और उत्पादों का निर्माण करने में दिन रात लगे हैं। शिक्षा भी बच्चो के लिए आवश्यक है। जिसके लिए पाठ्य पुस्तको का समय से मुद्रण कर बच्चो तक पहुचना आवश्यक है।

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश की सूक्ष्म एवं लघु इकाईयों को कक्षा 1 से 8 तक के बच्चो को निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण की पाठ्य पुस्तको के मुद्रण एवं आपूर्ति का कार्य दिया गया है। यदि पाठ्य पुस्तको के मुद्रण का कार्य को अभी प्रारम्भ कर समय से पूर्ण नही किया गया तो कक्षा 1 से 8 तक के बच्चो को लॉक डाउन खत्म होने तक पाठ्य पुस्तके समय से प्राप्त नही हो पायेगी जिससे बच्चो की पढाई का बहुत नुकसान होगा क्योकि पहले ही लॉक डाउन के चलते बच्चो की पढाई का नुकसान हो चूका होगा।

अत: आपसे निवेदन है कि पाठ्य पुस्तको के मुद्रण एवं आपूर्ति से सम्बन्धित इकाईयों एवं इन इकाईयों से जुडी इकाईयों को भी लॉक डाउन के समय नियमानुसार कार्य करने की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

धन्यवाद

मनमोहन अग्रवाल
महासचिव

प्रतिलिपी: महानिदेशक स्कूली शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

मनमोहन अग्रवाल

Head Office : IIA Bhawan, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow-226 010
Tel.: +91-522-2720090, 3248178, Fax: +91-522-2720097, email : iia@iiaonline.in, website : www.iiaonline.in